# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-338 सागवाड़ा, रविवार, 28 अगस्त, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## राजनीति- कांग्रेस-BJP के लिए मुश्किल बनेगी BPVM कारण- चार जिलों के 30 में से 20 कॉलेजों में जीता चुनाव

**डूंगरपुर।** मेवाड़ और वागड़ क्षेत्र में युवाओं का ख़ासकर आदिवासी युवाओं का राजस्थान की दो बड़ी राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस और BJP से मोहभंग होता जा रहा है।

छात्रसंघ चुनावों में आदिवासी क्षेत्र के कॉलेजों में आए रिजल्ट से ये ही सामने आ रहा है। यहां स्टूडेंट्स ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP)और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) को नकार दिया।

यहां चुनावों में पहली बार भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा (BPVM) की सक्रियता देखी गई। BPVM ने उदयपुर संभाग के 30 में से 20 कॉलेजों में जीत दर्ज की। आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए ये नए संकेत है। BPVM को बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ के साथ उदयपुर में मिली जीत से आदिवासी समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। हालांकि ABVP-NSUI के लिए ये नतीजे चौंकाने वाले हैं।

### विधानसभा चुनाव में उतरने का दावा

BPVM के मुख्य संगठन भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा (BPMM)ने छात्रसंघ चुनावों में मिली जीत के बाद विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ के साथ उदयपुर और राजसमंद के खास हिस्सों में वोटर्स के लिए ये कांग्रेस, भाजपा और भारतीय ट्राइबल पार्टी (BTP) के बाद चौथा विकल्प होगा। उदयपुर संभाग की संभाग की 23 में से 11 सीटों में इस संगठन ने चुनाव लड़ने का दावा किया है।

राजनीतिक दल के तौर पर रजिस्टर्ड नहीं होने के कारण साल 2018 के विधानसभा चुनाव में यहां की जनता ने तीसरे विकल्प के तौर पर BTP दी थी, जिसका नतीजा सागवाड़ा और चोरासी विधायक के तौर पर सामने आया था। अभी आदिवासी विचारधारा वाले कुनबे के पास डूंगरपुर से 2 विधायक हैं ।

### इन कॉलेजों में BPVM ने मारी बाजी

गनोड़ा आचार्य संस्कृत कॉलेज, बांसवाड़ा, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, प्रतापगढ़, गवर्नमेंट कॉलेज, धरियावद, रामसागड़ा कॉलेज, सज्जनगढ़ कॉलेज बांसवाड़ा, पीपलखूंट कॉलेज, प्रतापगढ़, गवर्नमेंट संस्कृत शास्त्री कॉलेज, पीठ, चीखली (डूंगरपुर) कॉलेज, सीमलवाड़ा साइंस कॉलेज, देवल पाल कॉलेज डूंगरपुर, बिछीवाड़ा कॉलेज, डूंगरपुर, वीकेबी गर्ल्स कॉलेज डूंगरपुर, भीखाभाई भील कॉलेज सागवाड़ा, सराड़ा कॉलेज प्रतापगढ़ पीजी कॉलेज, कुशलगढ़ पीजी कॉलेज, एसबीपी पीजी कॉलेज, डूंगरपुर, छोटी सरवन कॉलेज, कुशलगढ़ कॉलेज, श्रीगोविंद गुरु कॉलेज, बांसवाड़ा में BPVM ने बाजी मारी।

## सीमलवाडा में युवक की मौत के मामले में समाज ने जताई हत्या की आशंका

### एसपी व कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर की निष्पक्ष जांच की मांग

सीमलवाडा। डूंगरपुर जिल के धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा कस्बे से 6 दिन से लापता युवक का शव कुए मिलने के मामले में समाज के लोगो ने हत्या की आशंका जताई है। युवक के समाज के लोगो व परिजनों ने डूंगरपुर पहुंचकर एसपी व कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है और मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। डूंगरपुर जिले के सीमलवाड़ा में पिछले 6 दिन से लापता अरविंद रावल की मौत के मामले में नाथ रावल समाज के सेकड़ो लोग एसपी दफ्तर व कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुचे। इस दौरान समाज के लोगो व परिजनों ने बताया की 21 अगस्त को रोजाना की तरह अरविन्द रावल काम से लौटकर अपने घर पहुंचा था । उसने अपना मोबाइल चार्ज पर लगाया और परिजनों से आधे घंटे में वापस आने को कहकर घर से निकला था। लेकिन उस दिन से वह घर पर वापस नही आया और कहीं लापता हो गया। वही 6 दिन बाद युवक का शव घर से कुछ दूरी पर एक कुए में पड़ा हुआ मिला था। लोगों ने बताया कि मृतक युवक के सिर के आधे बाल भी कटे हुए मिले, ओर शव पूरी तरह सड़ चुका था।

समाज के लोगो ने आरोप लगाया की युवक को एक सोची समझी साजिश के तहत मारा गया है । इधर डूंगरपुर पहुँचने पर रावल समाज के लोगो ने डूंगरपुर जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में समाज के लोगो ने मामले की निष्पक्ष जांच करवाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## टोपीदार बन्दुक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, एक बाइक की जब्त, बारूद व 50 छर्रे भी किया बरामद

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले की आसपुर थाना पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान बाइक सवार दो युवको को टोपीदार बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की बाइक जब्त करने के साथ आरोपियों के कब्जे से बारूद व 50 छर्रे भी बरामद किये है। आरोपी उदयपुर के सलुम्बर से डूंगरपुर जिले में जंगली जानवरो का शिकार करने के लिए आये थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के आसपुर थाने के थानाधिकारी सवाई सिंह सोढा ने बताया की डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा की ओर से जिले में अवैध गतिविधियो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिये थाना क्षेत्र में बंदूक के साथ दो युवको की घुमने की सुचना मिली थी। जिस पर पुलिस की ओर से पूंजपुर में नाकेबंदी शुरू की गई। इस दौरान बाइक पर दो युवक आये। जिनकी तलाशी ली गई तो उनके पास एक टोपीदार बन्दुक, बारूद व छर्रे भी मिले। जिस पर पुलिस ने दोनों युवको को हिरासत में लेकर बाइक, टोपीदार बन्दुक, बारूद और 50 छर्रे जब्त किये। इसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर आसपुर थाने पहुंचे। जहा पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया। वही पुलिस ने सलुम्बर की मुस्तफा कॉलोनी निवासी मोहम्मद सीर उर्फ़ राजा पुत्र लियाकत खान और मोसिन पुत्र अब्दुल करीम मकरानी को गिरफ्तार किया। इधर प्रारंभिक पूछ्ताछ में आरोपियो ने सलुम्बर से डूंगरपुर जंगली जानवरों का शिकार करने आना बताया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।


इम्पैक्ट फीचर

## युवक ने चाकू से काट डाला था खुद का गला, ज़ील हॉस्पिटल ने मौत के मुंह से बाहर निकाला



### सफलता की कहानी-कृत्रिम श्वास नली डालकर ऑपरेशन किया गया

युवक ने चाकू से खुद का गला काट लिया और अपने आपको मौत के हवाले कर दिया था लेकिन जील अस्पताल की टीम ने युवक को मौत के मुंह से बाहर लाकर नया जीवनदान दिया। जील हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. किशन कुशवाहा बताते हैं कि एक 25 साल के युवक ने आत्महत्या का प्रयास करते हुए चाकू से अपना गला इस क़दर काट दिया कि उसके सांस लेने की नली और भोजन नली पूरी तरह से कट चुकी थी। युवक का काफी खून बह चुका था और उसे उल्टियां भी हो रही थी। इसी अवस्था में उसे जील अस्पताल के इमरजेंसी में लाया गया। इमरजेंसी विभाग की ओर से उसका तत्काल उपचार शुरू किया गया और नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपक परमार व डॉ.किशन कुशवाहा को इसकी जानकारी दी गई। युवक की स्थिति ऐसी थी कि उसके बचने के चांस बहुत ही कम थे। यह मामला हमारे लिए बहुत चैलेंजिंग था। सांस नली और भोजन नली के कट जाने से युवक का खून फेफड़ों में जा सकता था या फिर भोजन के कण सांस नली में अटक ने से परिणाम विपरीत भी हो सकते थे। युवक की इस स्थिति को देखते हुए तत्काल ही उसे प्राथमिक उपचार के बाद ऑपरेशन थियेटर में शिफ़्ट किया गया। कृत्रिम श्वास नली डालकर उसका ऑपरेशन किया गया।

आम तौर पर ऐसे संवेदनशील और उलझे हुए केस को अस्पताल रेफ़र कर देते हैं, लेकिन जील अस्पताल ने इस पूरे मामले को चैलेंजिंग बताते हुए युवक का सफलतापूर्वक इलाज किया और उसे नया जीवन दिया।

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL

ज़ील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल
रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे: 9351230466

24x7 ईमरजेंसी नम्बर 9462996299


## लाभार्थी बच्चो का पालनहार योजना का लाभ अटक

**डूंगरपुर।** जिले में शिक्षा विभाग की उदासीनता व लापरवाही के चलते 1826 लाभार्थी बच्चो का पालनहार योजना का लाभ अटक गया है। शिक्षा विभाग की ओर से समय पर इन लाभार्थी बच्चो का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया। जिसके चलते जुलाई व अगस्त दो माह का योजना का लाभ इन बच्चो व इनके पालनहारो को नहीं मिल पाया है। डूंगरपुर जिले के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया की पालनहार योजना के तहत डूंगरपुर जिले में 10 हजार पालनहारो के 17 हजार अनाथ बच्चो को लाभ मिलता आ रहा है। वही योजना के लाभ के लिए प्रतिवर्ष इन बच्चो का भौतिक सत्यापन शिक्षा विभाग की ओर से किया जाता है। लेकिन डूंगरपुर जिले में शिक्षा विभाग की लापरवाही व उदासीनता के चलते 1266 पालनहारो के 1826 अनाथ बच्चो का जुलाई से पहले तक भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है। जिसके चलते इन बच्चो का योजना का लाभ अटक गया है और जुलाई व अगस्त माह की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। उप निदेशक अशोक शर्मा का कहना है की मामले को लेकर डूंगरपुर जिला कलेक्टर डॉ इंन्द्र्जींत यादव को अवगत करवाया गया था। जिसके बाद कलेक्टर ने भौतिक सत्यापन से वंचित पालनहार व बच्चो की सूची शिक्षा विभाग के सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को दी गई है और भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण जल्द करवाते हुए लाभार्थियो को लाभ पुन: शुरू करने के निर्देश दिए गए है।

## मानव इतिहास का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा, राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल:अशोक चांदना

**जयपुर।** खेल तथा जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चांदना ने कहा कि 29 अगस्त से प्रारम्भ होने वाला राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल, मानव इतिहास का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा। इसमें 30 लाख से अधिक लोग भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने सभी से सकारात्मक खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। खेल राज्यमंत्री चांदना ने रविवार को बीकानेर के सर्किट हाउस में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की बदौलत प्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण फिर से बनेगा तथा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की 'हिट राजस्थान-फिट राजस्थान' की परिकल्पना साकार हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में इन खेलों में अपनी भागीदारी निभाएं। खेल राज्यमंत्री ने कहा कि साइकिलिंग बीकानेर का प्रमुख खेल है। यहां के साइकिल धावकों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं साथ ही राज्य सरकार की खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की आउट अफ टर्म पलिसी का लाभ यहां के अनेक साइकिल धावकों को मिला है।

## 16 राज्यों में लंपी, केंद्र राष्ट्रीय आपदा घोषित करे :गहलोत

**जयपुर।** CM गहलोत ने कहा- भारत सरकोर को गौवंश और पशुओं में फैल रही लंपी वायरस बीमारी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए। इसके लिए राजस्थान सरकार ने भारत सरकार को लंपी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए पत्र लिख दिया है। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को कहना चाहूंगा कि आप दोनों भी केन्द्र सरकार को मैसेज दे दीजिए। गहलोत ने कहा- केंद्रीय पशुपालन मंत्री परषोत्तम रूपाला मुझे राष्ट्रपति भवन में मिले थे। वहां भी उनसे बात हुई है। राजस्थान समेत 16 राज्यों में लंपी वायरल बीमारी गौवंश में फैल चुकी है। पहले यह 7 राज्यों में थी। इसे हमें समझना होगा। सीएम अशोक गहलोत ने लंपी वायरस की रोकथाम के लिए रिव्यू बैठक के दौरान वीसी से जुड़े गुलाबचन्द कटारिया और सतीश पूनिया से यह बात कही। साथ ही गहलोत ने कहा राजस्थान में 77 साल के बाद में पहली बार भयंकर बारिश हुई है। उसके लिए भी कटारिया और पूनिया दिल्ली में बात करें। जिससे कि हमें आपदा प्रबंधन में एक्स्ट्रा मदद मिल सके। गहलोत ने कहा लंपी डिजीज को लेकर कटारिया ने भी पशुपालकों की मदद करने की बात कही है। मैं भी मानता हूँ कि उनकी मदद होनी चाहिए। क्योंकि उनके जीवन का आधार ही पशुपालन है।



## कुमकुम ने लिया मुख्यमंत्री से आशीर्वाद

**जयपुर।** जोधपुर की कुमकुम ने आज अपने 7वें जन्मदिन पर अपने परिवार सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। गहलोत के निर्देश पर कुमकुम का पिछले साल मुख्यमंत्री राहत कोष से नि:शुल्क कॉकलियर इम्पलांट करवाया गया था। मुख्यमंत्री ने कुमकुम से मिलकर संतोष जताया कि वह अब ठीक से बोलने-सुनने के साथ ही स्कूल भी जाने लगी है। कुमकुम के माता-पिता ने गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से आज कॉकलियर इम्पलांट जैसी महंगी प्रक्रिया राजस्थान में नि:शुल्क उपलब्ध है।

## राजभवन में दिव्य रामकथा का दूसरा दिन भारतीय संस्कृति में देह की नहीं ध्येय की सुंदरता का महत्व -संत श्री विजय कौशल जी महाराज



**जयपुर।** प्रसिद्ध संत विजय कौशल जी महाराज ने राजभवन में दूसरे दिन राम कथा में सुंदर काण्ड का पाठ शुरू करते हुए इसके प्रसंगों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन दर्शन में देह को नहीं ध्येय को सुंदर बताया गया है। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी ने हनुमान जी को सुंदर बताया है क्योंकि उनके रोम- रोम में राम विराजित हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने आरम्भ में रामचरितमानस का पूजन करने के साथ ही सन्त विजय कौशल महाराज का अभिनन्दन किया। उन्होंने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र सहित उनके परिजनों के साथ रामकथा का आस्वाद किया। बड़ी संख्या में गणमान्यजन और श्रद्धालुओं ने भी रामकथा सुनी। इससे पहले संत श्रविजय कौशल महाराज ने दूसरे दिन की कथा शुरू करते हुए यह पंक्तियां सुनाई जानें बिनु न होइ परतीती। बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती॥ उन्होंने इसका तात्पर्य स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रभु से प्रेम करने के लिए प्रभु चरित्र के बारे में जानना जरुरी है क्योंकि बिना जाने विश्वास नहीं जमता और विश्वास के बिना प्रेम नहीं होता। उन्होंने आगे श्रीराम का स्वभाव बताते हुए कहा कि- अति कोमल रघुबीर सुभाऊ, जद्यपि अखिल लोक कर राऊ अर्थात् राम तीन लोक के स्वामी होते हुए भी अत्यंत सरल स्वभाव के हैं। संत श्री ने दूसरे दिन की कथा में राम के अयोध्या से वनवास के लिए जाने के बारे में बताते हुए कहा कि संतान को उचित सिखावन यानी अच्छी बातें सिखानी चाहिए जैसी माता कौशल्या और माता सुमित्रा ने अपने पुत्रों को सिखाई थीं। उन्होंने आगे कहा कि रामहि केवल प्रेम पियारा, जानि लेहु जो जानहि हारा, हरि व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम से प्रकट होई मैं जाना । उन्होंने कहा कि भक्ति में संकल्प, नियम और निष्ठा का बहुत महत्व है। इससे ईश्वर से आसक्ति एवं प्रेम स्वत: ही उत्पन्न हो जाता है ।

### अलवर प्रभारी मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

## योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले - डॉ. कल्ला



**जयपुर।** जिला प्रभारी एवं शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सहित राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को जोडकर उन्हें लाभांवित किया जाए। डॉ. कल्ला रविवार को अलवर जिला परिषद के सभागार में फ्लैगशिप योजनाओं सहित अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि चिरंजीवी योजना से सभी परिवारों को जुडवाए। सभी सरकारी चिकित्सालयों के प्रभारी की जिम्मेदारी तय कर निर्देशित करे कि योजना के तहत आईपीडी के शत-प्रतिशत क्लेम बुक कर उनका पुनर्भरण बीमा कम्पनी से कराना सुनिश्चित कराएं। इससे अस्पताल की आय में इजाफा होगा जिसका उपयोग मरीजों के लिए सुविधाओं के विस्तार में करें। इसमें लापरवाही बरतने वाले प्रभारियों के विरूद्ध कार्रवाई करें। योजना से और अन्य प्राइवेट हॉस्पिटल्स को जोडें। साथ ही जिन प्राइवेट हॉस्पिटलों में यह योजना संचालित है उन पर प्रभावी निगरानी रखे। उन्होंने निर्देश दिये कि चिरंजीवी योजना से जुडे प्राइवेट अस्पतालों में चिरंजीवी योजना के तहत उपलब्ध नि:शुल्क उपचार की सूची का बोर्ड लगवाना सुनिश्चित कराएं। साथ ही प्राइवेट अस्पतालों में चिरंजीवी हैल्पडेस्क अनिवार्य रूप से संचालित करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि इन अस्पतालों में चिरंजीवी योजना की शिकायत के लिए जिला कंट्रोल रूम एवं चिरंजीवी प्रभारी के मोबाइल नम्बर भी लिखवाना सुनिश्चित कराए। साथ ही आने वाली शिकायतों का रजिस्टर संधारित कराकर उनका निस्तारण करावें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों के साथ सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्पी स्किन डिजीज के संक्रमण की रोकथाम के लिए जारी गाइडलाइन की पालना करावें। साथ ही, पशुपालकों को में इस बीमारी की रोकथाम एवं उपचार आदि की जानकारी प्रदान की जाए। पशुपालन विभाग के दल निरन्तर फील्ड में भ्रमण कर विशेष निगरानी रखे।